(3) नैतिकता तथा धार्मिकता का क्षेत्र – नैतिकता का क्षेत्र प्रयत्न तथा द्वन्द्व का क्षेत्र है। नैतिक व्यक्ति वासनापूर्ण जीवन तथा आध्यात्मिक जीवन के बीच प्रयत्न, संघर्ष तथा द्वन्द्व करता है। उसे अपनी असीमता का बोध होता है। असीम के क्षेत्र मे जाने के लिए नैतिक आदर्शों के पालन के लिए उसे सतत् संघर्ष एवं युद्ध करना पड़ता है। परन्तु धर्म का क्षेत्र शान्ति एवं विजय का क्षेत्र है। पूर्ण आध्यात्मिकता में संघर्षों और अभावों का नाम नहीं होता। वहाँ पूर्ण संतोष, आनंद एवं शान्ति रहती है।

(4) सर्वोच्च लक्ष्य की प्राप्ति में नैतिकता अपूर्ण साधन है- मनुष्य के अन्दर वासना और बुद्धि का द्वन्द्व होता है। इस द्वन्द्व को मिटाने का नाम ही नैतिकता है। नैतिकता से मनुष्य आध्यात्मिक प्राणी बन जाता है। परन्तु नैतिकता सर्वोच्च लक्ष्य की प्राप्ति में पूर्ण साधन के रूप में नहीं है। नैतिकता से और भी आत्मविकास होता है। फिर भी केयर्ड के शब्दों में नैतिकता का उच्चतम फल केवल असीम के निकट होना है। नैतिक जीवन में मानव स्वभाव के प्राकृतिक और आध्यात्मिक यथार्थ और समन्वय पाते हैं। इसके द्वारा हम असीम को नही प्राप्त करते।

समाज में धर्म और नैतिकता का प्रभाव – धर्म और नैतिकता का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जब लोग धर्म के आदर्शों और नैतिकता के सिद्धान्तों का पालन करते हैं, तो समाज में अपराध, हिंसा और अन्य बुराइयों की सम्भावना कम हो जाती है। इसके बजाय सहयोग, समझ और प्रेम की भावना बढ़ती है। धार्मिक और नैतिक शिक्षा से व्यक्ति अपने कर्तव्यों को

समझता है और समाज में एक अच्छे नागरिक के रूप में अपनी भूमिका को निभाता है।

नैतिकता का धर्म पर प्रभाव – नैतिकता न केवल धर्म से प्रभावित होती है, बल्कि वह धर्म के सिद्धान्तों को व्यवहारिक रूप से लागू करने का पालन करता है, तो वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन भी करता है। उदाहरण स्वरूप हिन्दू धर्म में भगवत् गीता में कृष्ण ने अर्जुन को धर्म के पालन के साथ–साथ नैतिक कर्तव्यों का भी पालन करने की सलाह दी।

इसाई, धर्म में बाइबिल के सिद्धान्त जैसे अपने पड़ोसी से प्रेम करो, और तुम जो चाहो कि लोग तुम्हारे साथ करें, वही तुम उनके साथ करो, यह नैतिकता के सिद्धान्त हैं जो धार्मिक आस्थाओं में गहरे रूप से समाहित हैं। इसी तरह इस्लाम धर्म में भी कुरान और हदीस में अच्छे आचरण और नैतिकता की सीख दी जाती है जैसे 'दूसरों के अधिकारों का सम्मान करो' और 'सच्चाई बोलो'।

निष्कर्ष– इस प्रकार धर्म और नैतिकता एक–दूसरे के पूरक हैं और एक व्यक्ति को जीवन में अच्छे आचरण सद्भाव और आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। यदि इन दोनों को समान रूप से जीव में अपनाया जाए तो हम न केवल व्यक्तिगत उन्नति की ओर बढ़ सकते हैं, बल्कि समाज को भी एक बेहतर स्थान बना सकते हैं। धर्म एक व्यक्ति को अपने जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करता है, जबकि नैतिकता एक व्यक्ति को अपने व्यवहार और विचारों को सही दिशा में ले जाती है।

जाह्नवी उपाध्याय

❑❑❑

असली खुशी

राज रोज की तरह आज भी जल्दी उठा। छोटे से गाँव का सीधा-सादा युवक शहर के एक अच्छे कॉलेज में पढ़ाई करने आया था। जब राज पहली बार शहर आया तो यहाँ की चकाचौंध और बड़े बाजारों को देखकर हैरान रह गया। राज के गाँव का शान्त माहौल उसके विपरीत यहां हर तरफ भाग दौड़ शोर शराबा था। राज हर पंद्रह दिनों पर अपने दोस्तो के साथ बाजार में जाता। वहां अनेक प्रकार के वस्तुएं देखकर उसकी आँखे चमक उठती, लेकिन जैसे – जैसे वह बाजार से गुजरता तो उसे अपने गांव की बहुत याद आती वहां के छोटे-छोटे दुकान जहां लोग उसे उसके नाम से जानते थे। वह सोचता है, क्या खुशहाल जिन्दगी थी।

एक दिन राज बाजार में एक महंगा कपड़ा खरीदने जाता है। जब वह कपड़ा देखकर वापस लौट रहा था, उसने देखा फुटपाथ पर बैठकर एक बूढ़ा आदमी चप्पल सिल रहा है। उस आदमी के मुँह पर झुर्रियाँ थीं और उस बूढे आदमी का हाथ काँप रहा था। पास में ही उसका बीमार बेटा लेटा हुआ था। राज कुछ पल के लिए वही रुक गया और बूढ़े आदमी को देखने लगा। उस आदमी के चेहरे पर लाचारी साफ-साफ दिखाई दे रही थी।

बूढ़ा आदमी राज को देखता है और थके हुए स्वर में बोलता है बाबू कुछ मदद कर दो, दवा के लिए पैसे नही है।"

राज उस कपड़े को देखता है, जिसे खरीदने के लिए वह पैसे इकट्ठा कर रहा था। राज फिर उस बूढ़े आदमी की ओर देखता है और अपने कपड़े लेने का विचार छोड़ देता है। और उस आदमी को कुछ पैसे दे देता है।

रास्ते में लौटते हुए राज सोचता है कि बाजार मे हर चीज की कीमत होती है, लेकिन इंसानियत की कीमत नही होती। बाजार हमारे जीवन की जरूरतों को पूरा कर सकता है, लेकिन असली खुशी तो दूसरों की मदद करके ही मिलती है।

उस दिन राज ने सीखा कि बाजार में बिकने वाली चीजें भलें ही आकर्षक क्यों न हो, असली सम्पत्ति हमारे अन्दर की संवेदनशीलता और इंसानियत है।

साक्षी पाण्डेय

बी.ए. (तृतीय वर्ष)

❑❑❑

बाजार एवं मनुष्य

महेश एक छोटे से गाँव सहारनपुर में रहता था। महेश एक सामान्य परिवार से था। इसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। अपने परिवार के निर्वहन के लिए वह शहर की ओर पलायन कर जाता है। वहाँ वह एक बड़े बाबू के यहाँ नौकरी करने लगता है, जिसकी एक दुकान थी। महेश बहुत ही लगन और परिश्रम से अपने कार्यो को करता है। उसकी इस लगन को देखकर बड़े बाबू भी महेश से प्रसन्न रहते थे। परन्तु किन्हीं कारणों से बड़े बाबू को अन्य शहर जाना पड़ता है। महेश के आग्रह करने पर वह उसे दुकान सौप देते हैं।

महेश अपने रोजमर्रा के कार्यो को सीख गया था, परन्तु निपुण नहीं हुआ था। परंतु कहते हैं न अभ्यास किसी कार्य में निपुणता की कुँजी है। इसी भाँति महेश भी अपने कार्यो में निपुण हो गया।

वह अपने व्यापार में अच्छा कर रहा था, उसका व्यापार भीलभाँति फलीभूत हो रहा था, उसके हाथों का स्वाद, स्वच्छता और नेक स्वभाव ने सबको उसकी तरफ आकर्षित कर लिया था।

वो अपने व्यापार में उन्नति कर रहा था। इसी प्रकार समय व्यतीत होता गया, परन्तु फिर ऑनलाइन शॉपिग की शुरुआत हुई, और तकनीकी की तरफ इतना अग्रसर न होने कि वजह से कहीं न कहीं उसे भी अपने व्यापार में गिरावट आने का डर सताने लगा।

और ऑनलाइन शॉपिग का असर उसे उसके रोजगार पर पूर्णत: दिखाई देने लगा।

अब उसकी आमदनी में गिरावट आने लगी, और बड़ी-बड़ी कम्पनियों से प्रतिस्पर्धा बढ़ने लगी। लोग कम्पनियों की तरफ आकर्षित होने लगे। उसे समझ नहीं आ रहा था कि इस समस्या का निवारण कैसे किया जाय?

परन्तु महेश हार मानने वालों में से नहीं था इसी बीच एक दिन महेश के एक पुराने मित्र रमेश ने उसे ऑनलाइन मार्केटिंग के विषय में बताया। उसने महेश से अकाउंट बनाने की और ऑनलाइन सामान बेचने की सलाह दी, महेश पहले हिचकिचाया क्योंकि उसे इण्टरनेट की ज्यादा समझ नहीं थी उसे डर था कि तकनीकी चीजों में बहुत जटिलता है। परन्तु दिन प्रतिदिन बिगड़ते हालातों को देखते हुए महेश ने फैसला किया कि अब वह भी इस नई दुनिया में कदम रखेगा। उसने अपने बेटे सोनू की मदद ली जो कि अपनी पढ़ाई के साथ-साथ तकनीक ज्ञान में भी कुशल था। सोनू ने महेश की दुकान के लिए एक ऑनलाइन प्रोफाइल बनाई, उसके पकवाने की अच्छी फोटो खींचकर बेवसाइट पर अपलोड किया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित करना शुरू किया पहले कुछ हफ्तों में महेश को बहुत कम आर्डर मिले, जिससे वह निराश हुआ, परन्तु उसके बेटे सोनू को उम्मीद थी। धीर-धीरे लोग उसकी दुकान की ओर आकर्षित होने लगे।

महेश के मन में पुन: आशा का संचार हुआ और फिर वह अपने कार्य में जुट गया। महेश ने महसूस किया कि अब उसके पास सिर्फ उसके आस-पास के नहीं बल्कि दूर के भी ग्राहक आने लगे थे। अब उसके सामान की माँग बढ़ने लगी।

ऑनलाइन मार्केटिंग ने महेश की सोच बदल दी थी। अब उसका रोजगार तेजी से बड़े स्तर पर फैलने लगा था। उसने अपने पकवानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाये रखा जिससे ग्राहको का विश्वास बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसके दुकान की

प्रसिद्धि बढ़ने लगी और अब वह स्थानीय बाजार के साथ–साथ ऑनलाइन मार्केटिंग से भी अच्छी आमदनी करने लगा था।

महेश की कहानी हमें सिखाती है कि समय के साथ बदलाव जरूरी है। ऑनलाइन मार्केटिंग ने न केवल महेश के व्यापार को बढ़ाया बल्कि उसे एक नई दिशा और विस्तार दिया। यह दिखाया है कि यदि हम नई तकनीकी साधनों को अपनाते हैं तो चुनौतियाँ अवसरों में बदल जाती हैं। चाहे हम किसी भी क्षेत्र या व्यापार में क्यों न हों।

दीपिका गुप्ता

कक्षा – बी.ए. द्वितीय

❑❑❑

हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाएँ

(हिन्दी भाषा की विकास यात्रा)

एक भाषा के रूप में अगर हिन्दी भाषा की विकास यात्रा की बात करें तो यह एक लम्बी और सतत प्रक्रिया है। एक भाषा के विकास में उस समाज और संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जहाँ पर ये बोली जाती है। हिन्दी भाषा के विकास में भी समाज और संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है; खासकर उत्तर भारतीय राज्यों की भूमिका। भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत रही है और इसी भाषा के विभिन्न काल खंडो में अलग-अलग स्वरूपों में हुए वियोजन से हिन्दी का विकास हुआ है। संस्कृत भाषा से पालि, पालि से प्राकृत, प्राकृत से अपभ्रंश, अपभ्रंश से अवहट्ट, अवहट्ट से पुरानी हिन्दी और पुरानी हिन्दी से आधुनिक हिन्दी का विकास हुआ है जिसे आज हम बोलते हैं। हालांकि इसे लेकर मतभेद है कि अपभ्रंश से हिन्दी का विकास हुआ है या पुरानी हिन्दी से मगर वर्तमान भाषाविज्ञानी इसे अपभ्रंश से ही विकसित हुआ मानते हैं। अगर हिन्दी भाषा के विकास के कालखंड की बात करें तो यह तीन कालों मे विकसित हुई पहला कालखंड 1100 ईस्वी 1350 ईस्वी का माना जाता है, इसे प्राचीन हिन्दी का काल कहा जाता है। दूसरा कालखंड मध्य काल (1350 ई. 1850 ई.) कहा जाता है। इस काल में हिन्दी भाषा की बोलियों अवधी और ब्रज में विपुल साहित्य रचा गया। तीसरा कालखंड 1850 ई.) कहा जाता है । इस काल में हिन्दी भाषा की बोलियों अवधी और ब्रज में विपुल साहित्य रचा गया। तीसरा कालखंड 1850 ईस्वी से अब तक माना जाता है और इसे आधुनिक काल की संज्ञा दी जाती है। इस काल में हिन्दी भाषा का स्वरूप बेहद तेजी से बदला है दरअसल इस काल में हिन्दी जन-जन की भाषा बन गई। ये वो दौर था जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी और इस दौरान हिन्दी का सम्पर्क भाषा के रूप में प्रचलन खूब बढ़ा। ये हिन्दी भाषा का ही असर था कि उत्तर भारत ही नहीं दक्षिण भारत से भी आने वाले आजादी के नायकों ने इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किये जाने की पुरजोर वकालत की।

भारत की भाषाएँ

भारत गणराज्य में बोली जाने वाली भाषाएँ कई भाषा परिवारों से सम्बन्धित है, जिनमें से प्रमुख हैं 78. 05% भारतीयों द्वारा बोली जाने वाली इंडो आर्यन भाषाएँ और 19.64% भारतीयों द्वारा बोली जाने वाली द्रविण भाषाएँ:

दोनों परिवारों को एक साथ कभी-कभी इंडिक भाषाओं के रूप में जाना जाता है। शेष 2.31% आबादी द्वारा बोली जाने वाली भाषाएँ **आस्ट्रोएशियाटिक, सिनो -तिब्बती , ताई-कदाई** और कुछ अन्य छोटे भाषा परिवारों और अलगावों से सम्बधित हैं।

पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी (840) के बाद भारत में दूसरी सबसे बड़ी भाषाएँ (780) हैं। एथनोलॉग 456 की कम संख्या सूची बद्ध करता है।

कुल आधिकारिक भाषाएं: 23 जिनमें 8वीं अनुसूची की 22 भाषाएँ और अतिरिक्त आधिकारिक भाषा अंग्रेजी शामिल हैं।

असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, अंग्रजी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मराठी, मेइती, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तामिल, तेलुगू , उर्दू।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 में कहा गया है कि संघ की आधिकारिक भाषा देवनागरी लिपि में हिन्दी है, जिसमें अंग्रेजी का आधिकारिक उपयोग 1947 से 15 वर्षो तक जारी रहेगा। बाद में, एक संवैधानिक संशोधन आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963 ने भारतीय सरकार में हिन्दी के साथ अंग्रेजो को अनिश्चित काल तक जारी रखने की अनुमति दी जब तक कि कानून इसे बदलने का फैसला नहीं करता। संघ के आधिकारिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले अंको का रूप '' भारतीय अंको का अतंर्राष्ट्रीय रूप '' है। जिसे अधिकांश अंग्रेजी बोलने वाले देशों में अरबी अंग कहा जाता है। कुछ गलत धारणाओं के बावजूद हिन्दी भारत की राष्ट्रीय भाषा नही है; भारत का संविधान किसी भी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं देता है।

भारतीय संविदान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएँ सूची बद्ध हैं, जिन्हें अनुसूचित भाषाओं के रूप में संदर्भित किया गया है और उन्हें मान्यता, दर्जा और आधिकारिक प्रोत्साहन दिया गया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने कन्नड़, मलयालम, उड़िया, संस्कृत, तमिल और तेलुगू को शास्त्रीय भाषा का गौरव प्रदान किया है यह दर्जा उन भाषाओं को दिया जाता है जिसकी समृद्ध विरासत और स्वतन्त्र प्रकृति होती है।

भारत की जनगणना 2001 के अनुसार:-

भारत में 122 प्रमुख भाषाएँ और 1599 अन्य भाषाएँ हैं। हालाँकि , अन्य स्त्रोतों के आँकड़े भिन्न-भिन्न हैं, मुख्यत: ''भाषा'' और ''बोली'' शब्दों की परिभाषा में अन्तर के कारण। 2001 की जनगणना में 30 भाषाएँ दर्ज की गईं, जिन्हे दस लाख से ज्यादा देशी वक्ता बोलते थे और 122 भाषाएँ ऐसी थीं, जिन्हें 10,000 से ज्यादा लोग बोलते थे। भारत के इतिहास में दो संपर्क भाषाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है फारसी और अंग्रेजी। भारत में मुगल काल के दौरान फारसी दरबारी भाषा थी और ब्रिटिश उपनिवेश के युग तक कई शताब्दियों तक प्रशासनिक भाषा के रूप में राज करती रही। अंग्रेजी भारत में एक महत्वपूर्ण भाषा बनी हुई है। इसका उपयोग उच्च शिक्षा और भारतीय सरकार के कुछ क्षेत्रों में किया जाता है। हिन्दी, जिसके आज भारत मे प्रथम भाषा बोलनें वालों की संख्या सबसे अधिक है, उत्तरी और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में आम भाषा के रूप में कार्य करती है हालांकि, दक्षिण भारत में हिन्दी को थोपे जाने को लेकर चिताएं जताई गई हैं, विशेष रूप से तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में।

महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम, पंजाब और अन्य गैर- हिन्दी क्षेत्रों में भी कुछ लोगों ने हिन्दी थोपे जाने को लेकर चिंता व्यक्त करनी शुरू कर दी है। बंगाली देश में दूसरी सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है, जिसके पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में काफी संख्या में वक्ता हैं। मराठी देश में तीसरी सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है, जिसके दक्षिण -पश्चिम में काफी संख्या में वक्ता है, इसके बाद तेलुगू का स्थान है, जो दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों में सबसे अधिक बोली जाती है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, हिन्दी भारत की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है, दूसरे स्थान पर कश्मीरी, तीसरे स्थान पर मैतेई (आधिकारिक तौर पर मणिपुरी कहा जाता है) और गुजराती, और चौथे स्थान पर बंगाली। एथनोलॉग के अनुसार - भारत में 148 चीनी -तिब्बती, 140 इंडो यूरोपीय 84 द्रविड़ 32 ऑस्ट्रो एशियाई, 14 अंडमाकी 5 का दाई भाषाएँ हैं।

इतिहास - दक्षिणी भारतीय द्रविड़ परिवार से हैं। द्रविड़ भाषाएँ भारतीय उपमहाद्वीप के मूल निवासी हैं। प्रोटो-द्रविड़ भाषाएँ भारत में चौथी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व में बोली जाती थीं और तीसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व के आसपास विभिन्न शाखाओं में विघटित होने लगीं। द्रविड़ भाषाओं को चार समूहों में वर्गीकृत किया गया है; उत्तर मध्य (कोलामी-पारजी)

दक्षिण मध्य (तेलुगू –कुई) और दक्षिण द्रविड़ (तमिल–कन्नड़)। इंडो यूरोपीय परिवार की इंडो –आर्यन शाखा से उत्तरी भारतीय भाषाएँ मध्य युग की मध्य इंडो –आर्यन प्राकृत भाषाओं और अपभ्रंश के माध्यम से पुरानी इंडो –आर्यन से विकसित हुई।

इंडो –आर्यन भाषाएँ तीन चरणों में विकसित और उभरीं पुरानी इंडो –आर्यन (1500 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व) मध्य इंडो आर्यन चरण (600 ईसा पूर्व और 1000 ई.) और नई इंडो आर्यन (1000 ई. और 1300 ई. के बीच) आधुनिक उत्तर भारतीय इंडो –आर्यन भाषाएँ सभी नई इंडो –आर्यन युग में अलग, पहचानने योग्य भाषाओं में विकसित हुई। पूर्वोत्तर भारत में, सिनो तिब्बती भाषाओं में से मैतेई भाषा (आधिकारिका तौर पर मणिपुरी भाषा के रूप में जानी जाती है) मणिपुरी साम्राज्य (मैतेईः मीतेईलीपाक) की दरबारी भाषा थी। मणिपुर के भारतीय गणराज्य में विलय से पहले दरबार सत्रों के दौरान और उससे पहले इसे समानित किया जाता था। पद्य विभूषण पुरस्कार विजेता सुनीति कुमार चटर्जी सहित अधिकांश प्रतिष्ठित विद्वानों के अनुसार इसके अस्तित्व का इतिहास 1500 से 2000 वर्षो तक फैला हुआ है। यहां तक कि एक बार स्वतन्त्र मणिपुर के "मणिपुर राज्य संविधान अधिनियम, 1947" के अनुसार, मणिपुरी और अंग्रेजी को राज्य की दरबारी भाषा बनाया गया था। (भारतीय गणराज्य में विलय से पहले) फारसी या फारसी को गजनवी और अन्य तुर्क अफगान राजवंश द्वारा दरबारी भाषा के रूप में भारत में लाया गया था।

सांस्कृतिक रूप से फारसी मुगल राजवंश (तुर्क मंगोल मूल के) के साथ मिलकर 500 से अधिक वर्षों तक इस क्षेत्र की कला, इतिहास और साहित्य को प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप कई भारतीय भाषाओं का फारसी करण हुआ, मुख्य रूप से शाब्दिक रूप से। 1837 में, अंग्रेजों ने प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए फारसी को अंग्रेजी और फारसी –अरबी लिपि में हिन्दुस्तानी से बदल दिया और 19वीं शताब्दी के हिन्दी आन्दोलन ने फारसी कृत शब्दावलियों को संस्कृत व्युत्पत्तियों से बदल दिया और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए फारसी– अरबी लिपि के उपयोग को देव नागरी से बदल दिया या पूरक बनाया।

उत्तर भारत की हर भाषा पर अलग –अलग प्रभाव पड़ा उदाहरण के लिए, हिन्दुस्तानी पर संस्कृत, अरबी और फारसी का गहरा प्रभाव था, जिसके कारण आधुनिक मानक हिन्दी और आधुनिक मानक उर्दू का उदय हिन्दुस्तानी भाषा के रजिस्टरों के रूप में हुआ। दूसरी ओंर, बांग्ला ने अपनी संस्कृत जड़ों को बनाए रखा है, जबकि फारसी, अंग्रेजी, फ्रेंच और अन्य विदेशी भाषाओं के शब्दों के साथ अपनी शब्दावली का काफी विस्तार किया है।

भारत का बहुभाषी परिदृश्यः–

भारत विश्व में सबसे अधिक भाषायी विविधता वाले देशो में से एक है, पूरे देश में 19,500 से अधिक भाषाएँ बोली जाती हैं।

यह विविधता भारतीयों को बहुभाषी होने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जिसका अर्थ है संचार में एक से अधिक भाषाओं का उपयोग करने में सक्षम होना। अध्ययनों में कहा गया है कि युवा भारतीय अपनी बुजुर्ग पीढ़ी की तुलना में अधिक बहुभाषी हैं, 15 से 49 वर्ष आयु की लगभग आधी शहरी आबादी दो भाषाएँ बोलती है।

भारत की विविधता में बहुभाषावाद का योगदानः-

भारत का बहुभाषावाद न केवल संख्या का मामला है, बल्कि संस्कृति, पहचान और इतिहास का भी मामला है। भारत की भाषाएँ इसके विविध और बहुलवादी समाज को दर्शाती हैं, जहाँ विभिन्न धर्मों, नस्लों, जातियों और वर्गों के लोग

एक साथ रहते हैं और बातचीत करते हैं।

बहुभाषावाद के लाभ:-

बहुभाषावाद स्मृति, ध्यान, समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ा सकता है। शोध से पता चला है कि द्विभाषी और बहुभाषी लोगों के पास बेहतर कार्यकारी कार्यक्षमता होती है, व मानसिक प्रक्रियाओं की योजना बनाने, उन्हें व्यवस्थित और नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। शोध के अनुसार मानसिक प्रक्रियाएँ योजना निर्माण व्यवस्था और प्रबंधन से संबंधित कार्यों का कार्यान्वयन क्षेत्र है, जिसमें द्विभाषी तथा बहुभाषी व्यक्ति बेहतर प्रगति कर सकते हैं।

बहुभाषावाद सहानुभूति, परिप्रेक्ष्य और अंतर सांस्कृतिक क्षमता जैसे सामाजिक एवं भावनात्मक कौशल में भी सुधार कर सकता है। विभिन्न भाषाएँ सीखकर लोग विभिन्न संस्कृतियों, मूल्यों और विश्व-दृष्टिकोण तक अभिगम कर सकते हैं, जो उन्हें विविधता को समझने तथा उसकी सराहना करने में मदद कर सकता है। बहुभाषावाद व्यावहारिक लाभ भी प्रदान कर सकता है, जैसे कि करियर के अवसर, यात्रा अनुभव और सूचना एवं मनोरंजन तक अभिगम।

एक से अधिक भाषाओं के ज्ञान से लोग अधिक लोगों के साथ संवाद कर सकते हैं, अधिक स्थानों का पता लगा सकते हैं और अधिक संसाधनों का आनंद ले सकते हैं।

भारत में भाषाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:-

* **अनुच्छेद 29**
* यह अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करता है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी नागरिकों को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार है।
* यह नस्ल, जाति, पंथ, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव पर भी रोक लगाता है।
* **आठवीं अनुसूची:**
* यह भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध करता है। भारतीय संविधान का भाग xvii अनुच्छेद 343 से 351 तक आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है।
* भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची 22 आधिकारिक भाषाओं को मान्यता देती है:
* असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली, और डोगरी।
* सभी शास्त्रीय भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं।
* भारत में वर्तमान में छह भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 'शास्त्रीय' भाषा का दर्जा प्राप्त है।
* तमिल (वर्ष 2004 में घोषित), संस्कृत (वर्ष 2005), कन्नड़ (वर्ष 2008), तेलुगू (वर्ष 2008), मलयालम (वर्ष 2013), और उड़िया (वर्ष 2014)

* **अनुच्छेद 343**
* इसके अनुसार हिन्दी हमारे देश की राजभाषा है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि – देवनागरी होगी। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।
* इस अनुच्छेद में यह भी कहा गया है कि संविधान के प्रारंभ से 15 वर्षों की कालावधि के लिए अंग्रेजी आधिकारिक भाषा के रूप में प्रयोग की जाती रहेगी।
* **अनुच्छेद 345**
* किसी राज्य का विधानमंडल विधि द्वारा राज्य में उपयोग में आने वाली किसी एक अथवा अधिक भाषाओं अथवा हिन्दी को उस राज्य के सभी अथवा किसी भी आधिकारिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली भाषा अथवा भाषाओं के रूप में अंगीकार कर सकेगा।
* **अनुच्छेद 346**
* यह आधिकारिक संचार में कई भाषाओं के उपयोग की अनुमति देकर भारत की भाषायी विविधता को मान्यता देता है। यह राज्यों के बीच तथा राज्य और संघ के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र भी प्रदान करता है।
* **अनुच्छेद 347**
* यह राष्ट्रपति को किसी भाषा को किसी राज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने की शक्ति देता है, बशर्ते कि राष्ट्रपति संतुष्ट हो कि उस राज्य का एक बड़ा भाग चाहता है कि उस भाषा को मान्यता दी जाए। ऐसी मान्यता राज्य के एक हिस्से अथवा सम्पूर्ण राज्य के लिये हो सकती है।
* **अनुच्छेद 348 (1)**

  इसमें प्रावधान है कि उच्चतम न्यायलय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में होगी जब तक कि संसद विधि द्वारा अन्यथा प्रावधान न करें।
* **अनुच्छेद 348 (2)**

  इसमें प्रावधान है कि अनुच्छेद 348 (1) के प्रावधानों के बावजूद किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों जिसका मुख्य स्थान उस राज्य में है, में हिन्दी भाषा या उस राज्य के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाली किसी अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा।
* **अनुच्छेद 350**
* प्रत्येक व्यक्ति किसी भी शिकायत के निवारण के लिए संघ या राज्य के किसी भी अधिकारी या प्राधिकारी को संघ या राज्य में उपयोग की जाने वाली किसी भी भाषा में, जैसा भी मामला हो, प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने का हकदार होगा।
* भारतीय संविधान के अनुच्छेद 350A में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य को प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में प्रदान करनी होगी।

* अनुच्छेद 350B भाषायी अल्पसंख्यको के लिये ''विशेष आधिकारी'' की नियुक्ति का प्रावधान करता है।
* **अनुच्छेद 351**

  यह केन्द्र सरकार को हिन्दी भाषा के विकास हेतु निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।

क्यों नहीं है हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा?

यदि राष्ट्रभाषा और राजभाषा के अन्तर की बात की जाए तो इनमें दो प्रमुख अन्तर हैं। एक अन्तर इन्हें बोलने वालों की संख्या से है और दूसरा अन्तर इनके प्रयोग का है। राष्ट्रभाषा जहाँ जनसाधारण की भाषा होती है और लोग इससे भावात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं तो वही राजभाषा का सीमित प्रयोग होता है। राजभाषा का प्रयोग अक्सर सरकारी कार्यालयों और सरकारी कार्मिकों द्वारा किया जाता है। कुछ देश जैसे ब्रिटेन की इंग्लिश, जर्मनी की जर्मन और पाकिस्तान की उर्दू; की राष्ट्रभाषा और राजभाषा एक ही है। मगर बहुभाषी देशों के साथ यह समस्या है। यहाँ राष्ट्रभाषा और राजभाषा अलग-अलग होती है।

राष्ट्रभाषा किसी देश को एक करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि महात्मा गांधी ने वर्ष 1917 में गुजरात के भरुच में हुए गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की वकालत की थी-

''भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है क्योंकि यह अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है; यह समस्त भारत में आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक सम्पर्क माध्यम के रूप में प्रयोग के लिए सक्षम है तथा इसे सारे देश के लिए सीखना आवश्यक है''।

प्रतिभा बिन्द

बी. ए. IIInd (तृतीय वर्ष)

❑❑❑

इंतजार

वह लड़की
जो इंतजार करती है
सूरज के छिप जाने का
तारों के खिल जाने का
गर्म चांदनी रात में
छत पर टहलने का।
वह इंतजार करती है
उसका जो खो चुका है
जिंदगी की जद्दोजहद में
जो खत्म नहीं होता
घर जाने के बाद भी
वह भूल जाता है कि कोई है
जो उसका इंतजार करता है
चला जाता है
वह किसी दुनिया में
सुनहरे कल के लिए
कल भी इंतजार करती है वो
बिना कुछ कहे
सूरज के छिप जाने का,
तारों के खिल जाने का
वह लड़की।

अमित कुमार

पहली बार

पहली बार
जब तुम मुझसे मिली थी,
इक फूल की कली थी
आशा थी तुम्हारी आंखों में
विश्वास की पतली डोर भी थी।
कुछ बोलने में सकुचाती थी
नजरें भी मुझसे चुराती थी,
किस्सों में ख़्वाब सिली थी
जब पहली बार मिली थी।
मुझमे भी अकुलाहट थी
बेताबी थी बेचैनी थी।
तुम्हारा मिलना
किसी ख्वाब का हकीकत हो जाने से कम न था।
साथ रहते तुम्हारे कोई गम ना था
मिलकर भंवरे से
कली फूल बनकर खिली थी,
पहली बार
जब तुम मुझसे मिली थी।

अमित कुमार

❑❑❑

परिणाम कैसा?

पहलगाम हो या पुलवामा
अभीत जलता वह समाज है
जिन्हें नहीं था मोल चुकाना
राजनीति कैसी?
परिणाम कैसा?

धन्य हमारी मिट्टी है
पनपी ऐसे वीर हैं
वीरता का रंच नहीं,
किन्तु शहीद होते जाते हैं
सवाल वही,
राजनीति कैसी?
परिमाण कैसा?

बड़ा कठिन है
मथित हृदय का ढह जाना
बड़ा कठिन है
पत्थर सी छाती कर जाना
बड़ा कठिन है
जीवन के स्पर्श अश्रु सुखा पाना
बड़ा कठिन है
अपनों का रूप अदृश्य हो जाना
सवाल वही,
राजनीति कैसी?
परिणाम कैसा?

पढ़ो रक्त की भाषा को
आसान नहीं है बहने देना
सीमा खींचना है तो खींचो
जवाब नहीं है दुःख देना
बचता वही सवाल है,
राजनीति कैसी?
परिणाम कैसा?

– साक्षी मिश्रा, प्रयागराज
पुराछात्रा

❑❑❑

एसौ क अमउसा

(जब एक आदमी प्रयाग आता है तब का दृश्य)

जोगियां रंग में रंगल प्रयाग देखा
देशी-विदेशीन कई साज देखा बुढ़ापन जवानन इक राग देखा
अमौसा नहाये चलल प्रयाग देखा एक हाथे सेल्फी एक हाथे फोन
केहू बनावे वीडियो केहू चलावे ड्रोन
केहू चलै पैदल, केहू चले ठेला
सबै चलै भईया अमउसा के मेला
चलावथउयै पुलिस तनि डंडा देखा
भागतहउयै लोगन तनि हल्ला देखा
धीरे से बोले हम वी.आई.पी हई दईया
तनि हमके आगे बढइ देत भईया
सुन लिहै लोगन चलै लगल बोली
भागे लगन वी.आई.पी. किनारे के ओरी
अमौसा के मेला अमौसा के मेला इ है हउये भईया अमौसा के मेला
(जब आदमी संगम पहुँचता है तब 13 अखाड़ों का वर्णन)
साधु-संत चलै धीरे-धीरे
राम-श्याम कहै धीरे-धीरे
नागा चिल्लाये, बबम्ब बम्ब बोली
पोते भस्म जईसे खेले हउये होली
निरंजनी अखाड़ा के केहु न रोको
जूना अखाड़ा के बतीअई न पूछो अटल, आखान, आनंन्द पंचागि
क लोग अईसे धधके जइसे लाल अग्नि
महानिर्वाण, उदासीन टिमटिमात हउये
रतियाँ में जुगनू जगमगात हउए जईसेन
निर्मल निरमोही के मोह नाही बाटे
उ जानत संसार में कुछहु नाही बाटे

ई तेरह अखाड़ा क बात ह निराली
चले चली देखी, अमउसा नहाली
अमउसा क मेला....।
(अमावस्या पर घटी दुर्घटना का दृश्य)
मचल हउयै हल्ला बचाव-बचाव
केहु वाटे दबल ओके हताव
केहु चिलाए केहू बोलाए
सब कहै भईया कहु त बचाए
तबै पड़ल नजर एक लईका के ओरी
कहत रहे बापू ताक भोरे ओरी
एक बार बोल, अब हम न आईब
अमौसा के बदले हम धखै नहाईव
तबै केहू बोला अब चल गईले बाबू
अब नाहि अईहे बिछड़ा गइले बाबू
अमउसा के मेला अमउसा का मेला ईह
रहे भईया अमौसा का मेला।

साक्षी दुबे
बी.ए. द्वितीय वर्ष

❑❑❑

हाँ ये सही है

की मैंने कुछ कहा नहीं –
पर ऐसा नहीं है,
की मैंने कुछ सहा नहीं...

शायद ज़िंदगी यूँ बेज़ार न होती
अगर तुमसे कुछ कहा होता...
या कम से कम
शायद तकलीफ़ उतनी न होती
अगर तुमसे कुछ कहा होता।

पर मुक्कदर को मंज़ूर कहाँ था वो भी।
तकलीफ एक शब्द नहीं...
दास्तान है...
मेरे अबतक के जीवन की!

जीवन...!!
जिसमें खुशियों ने कम,
तकलीफों ने ही ज्यादा साथ दिया।

जब कभी पीछे मुड़कर देखा –
खुशियाँ कहीं तकलीफों की भीड़ में
दबी-कुचली,
सहमी, थोड़ी सी धुंधली नज़र आती हैं...

पर तब भी,
कहीं ना कहीं सब ठीक था...
उस बेठीकपने में भी कुछ ऐसा था
जिससे सब ठीक हो जाने की उम्मीद रहती थी...

सब अच्छा करने की कोशिश थी,
और हिम्मत भी थी...

उस बेठीकपने में
कुछ – क्या ऐसा था,
जिससे सब ठीक होने की उम्मीद बनी रहती थी,
ये तब तो पता नहीं चलता था...

पर उस कुछ के सहारे हीं
ज़िंदगी बढ़ रही थी...

मुझे नहीं मालूम
की तुमने ज्यादा सहा या मैंने...
क्योंकि मैंने कहाँ
कभी कोई हिसाब रखा
अपनी पीड़ाओं का...

पर हाँ –
आज न जाने क्यूँ
ऐसा लगता है
की शायद ज़िंदगी ने मुझे ही ज्यादा सताया है...

हाँ ये सही है
की मैंने कभी कुछ नहीं कहा –
पर ऐसा नहीं है
की मैंने कुछ नहीं सहा...

ज़िंदगी ने जो दिया
उसे चुपचाप हीं स्वीकार किया –
पर फिर भी,
शायद ज़िंदगी को उतना सुकून भी मंज़ूर न था...

हाँ –
मैंने बिलकुल ठीक कहा...
की मैंने ही शायद ज्यादा सहा...

हाँ मैंने कहा –
की उस बेठीकपने में भी कुछ था ऐसा
जिससे सब ठीक होने की उम्मीद थी...

शायद तुम्हारा होना था।
सिर्फ तुम्हारा होना...
तुम्हारा साथ भी नहीं...
सिर्फ और सिर्फ –
तुम्हारा होना।

- सुरुचि

❑❑❑

मुझे पसंद है

बारिशों में भींगना,
भीगते हुए पीना चाय
चिलचिलाती धूप में,
एक छोटी सी पेड़ की छाँव
और एक घूँट पानी
के साथ लेना ठंढी आह
पसंद है मुझे
आगे भागती ट्रेन के दरवाजे से
पीछे छूटते वक्त को
निहारना
पसंद है मुझे
गर्मी से भरी रातों में
चाँद को देखते
खुले छत पर सोना,
और...
सुबह की हल्की सुनहली सी धूप
मम्मी के हाँथों से
चेहरे पर
पानी के छींटे
डूबते सूरज की
अंतिम किरणों को
थामने की
असफल कोशिश करना
पसंद है मुझे
गंगा की किसी शांत घाट पर बैठ
कोई सुंदर किताब पढ़ना
लोगों के भावों को समझना
मुझे पसंद है
घर का सुकून
गाँव की खूबसूरती
खेत, नदियाँ, मंदिरों
का सुगंध
फूल, पौधें, बागों की मसूमियत
वो सबकुछ
जो शुभ है,
और जिनमें
निहित हैं संभावनाएँ
होने के शुभ
मुझे पसंद है

- सुरुचि

❑❑❑

फौजी

चीड़ के जंगल खड़े थे देखते लाचार से,
चीड़ के जंगल खड़े थे देखते लाचार से,
गोलियाँ चलती रहीं इस पार से उस पार से,
ज़िस्म तो छलनी गिरा है इस धरा पर,
खूँन से लतपथ सजी वर्दी नये श्रृंगार से,
मिट गया एक नवज़वां कल फिर वतन के वासते,
मिट गया एक नवज़वां कल फिर वतन के वासते,
मिट गया एक नवज़वा कल फिर वथन के वासते,
गोलियाँ चलती रहीं इस पार से उस पार से।।

चीख तो उठी नहीं पर एक भी अखबार से,
बीते कितने दिन रहे मुस्तैद सरहद पर इधर,
बाँट जोहे है उधर माँ पिछले ही त्यौहार से,
गोलियाँ चलती रहीं इस पार से उस पार से,
बैठता हूँ जब भी मैं उन दुश्मनों की घात पे,
आवाज देता है कोई इस पार से उस पार से..
फिर भी फौजी है डटें उन सरहदो के द्वार पे,
गोलियाँ चलती रहीं इस पार से उस पार से...

नाम- शाम्भवी
कक्षा- एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर
विषय-हिन्दी

❑❑❑

मैं कविता में क्या लिखूँ

कविता में क्या लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

गरीबों की चीत्कार लिखूँ
या संसार का निर्मम व्यौहार
दुराचार लिखूँ या सदाचार लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

जन्म लिखूँ या मरण लिखूँ
या मृत्यु के बाद का वह अज्ञात आवास लिखूँ
जीवन की आस लिखूँ या जीने की प्यास लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

बसंत लिखूँ या बहार लिखूँ
या जीवन का विस्तार लिखूँ
या फिर मृत्यु के लिए स्वर्ग का द्वार लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

आवारों की करतूत लिखूँ
या दीवानों का प्यार लिखूँ
या फिर जलते हुए इस जग के दर्द का विस्तार लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

बहती नदी की धार लिखूँ
या उसमें डूबती पतवार लिखूँ
या फिर गहरी व्यथा में डूबा यह संसार लिखूँ
मैं कविता में क्या लिखूँ

अमृता 'अमी'
शोधछात्रा, हिन्दी विभाग

संस्कृत प्रभाग

सत्य

किं प्रासंगिक सत्यम्

सत्यं एकः भावः यः निर्दोषतायाः, युद्धतायाः, अहिंसायाः च प्रतीकः अस्ति। जैनधर्मे सत्यस्य परिभाषा अहिंसक प्रवृत्ति अस्ति। निरवद्य अर्थात भाव, सावद्य अर्थात् अपवित्र : भाव। हिंसा, दल, चौर्य, अप्रामाणिकता, आसक्ति, कामः, क्रोधः, अंहकारः, हीनता, भयं, द्वेषः, असहमतिः इत्यादयः अशुद्धाः भावाः सन्ति। एतेषु लीनः करणं दुष्टाचरणम्।

अहिंसा, मैत्री, प्रामाणिकता, निः स्पृहता, अनासक्ति, संतोष, शान्ति, अभय, करुणा, वीतरागता, प्रेम, संयम, अनुशासन इत्यादयः पवित्र भाव सन्ति। एतेषु प्रवर्तनं सत्याचरणं। कस्यचित् रहस्यं प्रकाशयित्वा अपमानं करणं न सत्याचरणम्। सुधारस्य भावनायां कस्याचित् अपमानं विना कस्यचित् त्रुटिं दर्शयितुं सच्चिदानन्दः आचरण एव।

यदुक्तमः- **सत्यमेव व्रतं यस्य दया दिनेषु सर्वदा।**

कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः-कथ्यते बुधैः।

आर्यसमाजस्य संस्थापकः महर्षिः दयानन्दसरस्वती सत्यार्थ प्रकाशस्य पुस्तकस्य लेखनस्य उद्देश्यं स्पष्टं कुर्वन् सत्यार्थप्रकाशं अवगन्तुं सत्यं यत् सत्यं असत्यं च असत्यं इति मन्यते इति उक्तवान्। सत्यस्य महिमा निरुप्य उक्तं यत्-

सत्यं न तपसा समं, अनृतं न पापसमम्।

हृदय साचे अस्ति, हृदयं त्वम्।

यदुक्तम्ः- सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः। सत्येन वायवो वन्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्।।

सत्यस्य महत्वं तदा एव भवति यदा तत् विचारेण, वाक्, कर्मणा च जीवने स्वीकृत्य प्रयुक्तं भवति।

सत्यस्य महिमा घोरयितु तस्य प्रचारं च यथा सुलभं तथा जीवने सत्यस्य अभ्यासः अपि तथैव कठिनः। सत्यस्य अभ्यास कुर्वन् व्यक्तिः एव सामाजिक जीवने प्रतिष्ठां सम्मानं च प्राप्नोति। वयं केवलं सत्यस्य आचरणस्य आधारेण एव परस्पर विश्वासमः। समग्रसामजस्य संरचना परस्परविश्वासस्य आधारे एव अवलम्बते।

यदुक्तम्ः- **सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः**

येनाक्रमत् मनुष्यों ह्याप्मो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं।।

प्रासंगिकसत्यस्य प्रसारः कथं महत्वपूर्णः

नैतिकः सदा सत्यस्य समीपे एव तिष्ठति। सत्य च अतीव कटुमिति च उच्यते। मानवस्तरस्य अस्माकं सर्वेषां सिद्धान्त विचारधारा भवितुमर्हति, परन्तु व्यक्तितत्वस्य कारणेन बहवः जनाः सत्यात् व्यभिचरितुं आरभन्ते। एतत् भवति, यतोहि अद्यतनवातावरणे सत्यं सर्वदा बाधकं भवति, एतत् यतोहि अद्यतनयुगे सर्वे लघुतम मार्गे चिन्वन्ति

भवेत् तत् सम्यक् अथवा अयोग्यम्। धर्मसिद्धान्तप्रचारकाः व्याधकाः भूत्वा तेषां अनुयायिनः तान् अनुसरन्ति इति समाजे अपि दृष्टम्। सत्यं सदा परमं सुखंद च। उच्यते च यत् "साचे मा क्षतिं कुरुं " इति। तथा च "मोमपुतली कियत्कालं यावत् तापात् जीविस्यति?" सत्यं सदैव समाजस्य सुधारकम्।

सत्यसिद्धान्तं विना सद् नैतिक-समाजः कल्पयितुं न शक्यते। सत्यं शिवं सत्यं सुन्दरम्। सत्यात् कोऽपि महत्तरः नास्ति। सत्यं मानं सम्मानं रक्षति।

सा सत्कर्मसु प्रवर्तते, सदुणान् आश्रयति, धर्मे मतिं करोतीति, अधर्म न प्रवर्तते, यथः इच्छति, प्रतिष्ठा प्रिंय मन्यते, अप्रतिष्ठाम् च मृत्युं गणयति।

यदुक्तम्- **सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यसेन रक्ष्यते।**
मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।
अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायति कश्चित्।।

सत्यभाषणं सर्वोत्कृष्ट तपः विद्यते। सत्यभाषणस्य अभ्यासेन मनुष्य एव महात्मा, त्यागी तपस्वी च भवति।

सत्यस्य प्रतिष्ठितया एव संसारस्य कल्याणम् भवति। सत्यस्य व्यवहारेण एव देशः समाजः जाति च विकासं प्राप्नुवन्ति।

'सत्यं ईश्वरः इति।'

निष्कर्ष रूपेण वयं तत् वक्तुं शक्नुमः यत् कदाचित् सत्यस्य मार्गं अनुसृत्य गच्छतां परमलक्ष्यस्य सम्मुखीभवितव्य भवति तथा च परमलक्ष्यस्य प्राप्तौ विलम्बः भवति, परन्तु सत्यं सर्वदा विजयते इति सत्यम्। ईश्वरस्य गृंह विलम्बं भवति, परन्तु अंधकारः न भवति इति सत्यम्।

यदुक्तम्- **सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।**
येनाकमत् मनुष्यो ह्यात्मो यत्र तत् सत्यस्य पर निधानं।

येन कारणेन सदा सत्यमेव उक्तम्-

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमाप्रियम्।
नासत्यं च प्रियं ब्रुयात् एष धर्मः सनातनः।।

संसारे सत्यस्य महती आवश्यकता अस्ति। यद वस्तु यथा विद्यते, तस्य तेन एव रूपेण कथनं सत्यम् इति कथ्यते। सत्येन इव समाजस्य स्थितिः अस्ति। सतास्य एव एष माहिमा अस्ति, यद् वयं समाजे मनुष्येषु विश्वास कुर्मः। सत्यभाषणेन मानुषः निर्भीकः भवति।

यदुक्तम्- **नानृतत्पातंक किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्**
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदा विदुः।।

सत्यहीनो वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।

सत्यहीनंतपो वैकल्पिकमूश्रे वपनं यथा।।

सत्यभाषणेन तस्य तेजः यशः कीर्तिः गौरव च वर्धन्ते। य सत्यम् वदति, स सदा सर्वेभ्यः पापेभ्यः निवृन्तः भवति।

यदुक्तम्- **ये वदन्तिः सत्यानि प्रणत्यागेऽप्युपस्थिते।**

प्रमाणभूता भूतानां दुर्गान्यतितरन्ति ते।।

भूमिः कीर्तिः यशो लक्ष्मीः पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।

सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत् ततः।।

साक्षी दुबे

बी.ए. द्वितीय वर्ष

❑❑❑

सा विद्या या विमुक्तये

अर्थः तदेव ज्ञानं मोदां नयति

भारतीय ज्ञान परम्परा

भारतीयज्ञानपरम्परा अत्यन्तं समृद्धा विस्तृता च धरोहरः अस्ति, यस्मिन्

वेद- उपनिषदः दर्शनः आयुर्वेदः योगः गणितः खगोलः वास्तुः संगीतः नाट्यः नीति- लोकपरम्परयोः अद्वितीयः समन्वयः दृश्यते।

एषा परम्परा भारतस्य आत्माने दृष्टिं च सहस्त्रवर्षेभ्यः पोषयति, अधत्वे अपि सा अस्माकं तादात्म्यस्य मूल्यानां च आधार शिलारूपेण वर्तते।

वेद-आदि ज्ञानस्य स्त्रोतः

ऋग्वेदः प्राचीनतमः वेदः अस्ति, यस्मिन् 10 मण्डलानि 1028 सूक्तानि, 10580 मन्त्राः च सन्ति।

अस्मिन् ईश्वरस्य स्तुतिः, देववर्णनं च अस्ति। अस्य मुख्यविषयः ज्ञानम्।

यजुर्वेदे कार्यस्य (कर्म) यज्ञस्य (समर्पणस्य) प्रक्रियायाः 1.875 गद्यमन्त्रा सन्ति।

समवेद- अस्य वेदस्य मुख्यविषयः पूजा अस्ति। अस्मिन् संगीत प्रयुकेषु ध्रुनेषु गायनीयाः 1905 सङ्गीतमन्त्राः सन्ति।

अथर्ववेदः- अस्मिन् गुणधर्म- आरोग्य- यज्ञ- सम्बद्धाः 5977 लेखा सन्ति।

उपवेदः

उपवेदः- वेदनिष्पन्नव्यावहारिकज्ञानस्य भागाः। मुख्याः उपवेदाः चत्वारः सन्ति

1- आयुर्वेद (ऋग्वेदसम्बन्धी)

- चिकित्साशास्त्रस्य, आरोग्यस्य, जीवनशैल्याः, शरीरविज्ञानस्य च उपवेदः अस्ति।

2- धनुर्वेद (यजुर्वेद सम्बन्धीः)

- युद्धकौशल, शस्त्रं, धनुः बाणः, रणनीतिः, सैन्यविज्ञानं च इत्यनेन सह सम्बद्धम् अस्ति।

-अस्मिन् बुद्धस्य नीतिः, वीरता, सैन्य-अनुशासनम् इत्यादीनां वर्णनं कृतम् अस्ति।

3- गन्धर्ववेद (सामवेदसम्बद्ध)

- सङ्गीतनृत्यगायनवादनाट्यश्टङ्गारोपवेदः।

भरतमुनि, नतालब, अस्य सम्बद्धः महत्वपूर्णः मुष्टि प्रहारः अस्ति।

4- शिल्पवेद (अथर्ववेद से सम्बन्धित)

- इति वास्तुकला, शिल्प, शिल्प, धातुकला, चित्रकला, वाद्यनिर्माण इत्यादीनां उपवेदः।

निर्माणस्य, तन्त्रिककौशलस्य च विस्तृतानम् तस्मिन् उपलभ्यते।

आयुर्वेद- भारतीय चिकित्सा व्यवस्था

मुख्यग्रन्था:-

चरक संहिता, आन्तरिकचिकित्सा मूल स्त्रोत: सुश्रुत संहिता-शल्यक्रिया का आधार शिला

त्रिदोष सिद्धान्त:-

वायुगति: परिसञ्चरंचं च नियन्त्रयति

पित्त: पाचनं चयापचयं च नियन्त्रयति

कफ: संरचनां स्थिरतां च निर्वाहयति।

प्रमुख चिकित्साविधय:

औषधीयौषधानि

पञ्चकर्म शरीरशुद्धिविधय: पञ्च

योग, आहार तथा दैनिन्दिनकार्यकृते बल दन्तय् पर बल

अद्यतनं प्रासंगिकता:

प्राकृतिक, दुष्प्रभाव मुक्त उपचारा:

स्वास्थ्याय विश्वे आदरणीया पद्धति:।

भारतीयगणितं खगोलविज्ञानं च

गणितस्य स्तम्भा:

आर्यभट्ट:-शून्यम् ग्रहगते: गणनां च भास्कराचार्य:-बीजगणिते:, अवकलनस्य आरम्भ:, ब्रह्मगुप्त:-ऋणात्मकं संख्या:

खगोलशास्त्रे अग्रणीयोगदानं

सूर्यसिद्धान्त: ग्रहगतीनां प्राचीनविश्लेषणं ग्रहणं पञ्चागगणना च

क्रान्तिकारि-आविष्कारा:

शून्य: गणितस्य क्रान्ति: दशमलव प्रणाली त्रिकोणामिति इति आधारशिला: सन्ति:

भारतीयवास्तुकला

प्राचीन ज्ञान केन्द्राणि

नालन्दा तक्षशिला: विश्वस्य प्रथमा: आवासीयविश्वविद्यालय: विविधविषयान् अध्यापयन्ति: गणितम्, दर्शनं, आयुर्वेद:, खगोलशास्त्रम्

वास्तुशास्त्रस्य महिमा

मन्दिरनिर्माणे दिशा-ऊर्जा-सन्तुलन-ध्वनितरङ्गयो प्रयोग:

वास्तुकलायां विज्ञानस्य अध्यात्मस्य च समन्वय:

सभ्यता: निरन्तरता

सिन्धु उपत्यकाया: नम: नियोजनात्

आधुनिक भारतस्य संरचनापर्यन्तं संरचनात्मकज्ञानस्य नैरन्तर्य:।

संगीतं नाटकं च

भरतमुने: 'नाट्यशास्त्रं'

नाटकनृत्यसङ्गीतस्य प्राचीनतम: ग्रन्थ: मंचन, अभिनय एवं रससिद्धान्त का आधारशिला सन्ति

सङ्गीतस्य विज्ञानम्

राग:- भावानाम् उद्दीपन कुर्वन्त:

ताल:- समयस्य संतुलितं विभाजनं

भाव:- प्रेक्षकाणां चेतनाया: सह सम्बद्धतां प्राप्तुं माध्यमम्

* द्वौ महान् विकसितौ च सङ्गीतस्य धारा।

हिन्दुस्तानी संगीत (उत्तर भारत)- दरबारी परम्परागत: विकसित, ध्रुपद, खयाल, डमरी इत्यादिशैल्या: समृद्ध कर्नाटकसङ्गीतम् (दक्षिणभारत) धार्मिकताभि: तकनीकीजटिलताभि: च परिपूर्ण:, कृति, आलापन, तनम् इत्यादिभि: शुद्धै: सृजनात्मकपद्धतिभि: परिपूर्ण: उभयपरम्परा: शताद्बश: मौखिकपरम्पराया: मध्यमेन संरक्षितै: वेदग्रन्थै: प्रेरिता: सन्ति।

भारतीय दर्शन

आत्मानं मोक्ष ज्ञानं च अन्वेष्टुम्

षट्दर्शन (षद् दर्शनानि)

सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त भारतीय दार्शनिकचिन्तनस्य आधारशिला: सन्ति।

जीवनस्य, जगत:, मोक्षस्य च विविधा: व्याख्या:।

उपनिषदानां रहस्यमयी गम्भीरता

आत्मन: (आत्मनस्य) ईश्वरस्य (ब्रह्मस्य) आविष्कार:।

"तत्त्वमसि", "अहं ब्रह्मास्मि"

महावाक्या:-अद्वैत बोधसुताणि।

* श्रीमद्भगवदीता- जीवनस्य मार्गदर्शक: ग्रंथ: कर्मयोगस्य भक्तियोगस्य ज्ञानयोगस्य च सन्तुलनम्।

धर्मस्य, कर्तव्यस्य, बोधस्य च उपदेशक:।

स्वाती मिश्रा, बी.ए.द्वितीय वर्ष

❑❑❑

उपमाकालिदासस्य

महाकवि कालिदासस्य संस्कृतसाहित्ये महती ख्याति: अस्ति। महाकवि कालिदासस्य प्रिय अलंकार: निदर्शना अस्ति। यद्यपि महाकवि कालिदास: संस्कृत साहित्ये उपमा अलंकार प्रयोगे अपि विशिष्टोऽस्ति।

समालोचकोद्भट्ट: महाकविषु गुणा: विषय: कथयत्–

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।

दण्डिन: पदलालित्यं माद्ये सन्ति त्रयोगुणा।।

यद्यपि महाकवि कालिदास: ग्रन्थेषु विशेषत: नाटकेषु प्राय: सर्वाऽलंकारा: वर्णनमस्ति। तथापि उपमा अलंकार प्रयोगे कालिदास: निपुणोऽस्ति।

उपमाऽलंकारेण प्रयोगेन विद्वांस: कालिदास: उपमा सम्राट अपि कथयति।

कालिदास: बहव: ग्रन्था रचितु। तदपि तेषु ग्रन्थेषु अभिज्ञानशाकुन्तलम् एक एव विश्व विख्यात: नाटकोऽस्ति।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटकं कथावस्तु वर्णनं प्रप्तंगे कालिदास: बहव: अलंकारा: प्रयोग: करोति। तथापि तेषु अलंकारेषु प्रयोगे कालिदास: एको निपुण कवि: अस्ति।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटके स्वरुचया कालिदास: उपमा प्रयोगे सिद्धहस्त प्रदर्शनं अकुर्वत्।

कालिदास: एक विशिष्टोगुण: न केवलं जीवनस्य एक पक्षे उपमा प्रयोगे कुशल: अपितु जीवनस्य सर्वासु पक्षेषु तथा चेतनाचेतन विषये अपि उपमा प्रयोग: सिद्धहस्तोऽस्ति।

कालिदासस्य उपमा धार्मिकजीवनस्य, गृहस्थजीनवस्य, सामाजिकजीवनस्य: सम्बन्ध: आकाश सम्बन्धि, वनस्पति सम्बन्धि, पौराणिक विषय: सम्बन्धि उपमाप्रयोगे कालिदास: कुशल: अस्ति।

1- धार्मिकजीवनविषयक: उपमा-

जीवनस्य धार्मिक पक्ष: उपमा वर्णन विषये कुशलोऽस्ति। अभिज्ञानशाकुन्तले महाकवि शकुन्तलाया: उपमा धूमयुक्त: अग्निना करोति–

दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि पावक एवाहुति: पतिता''।।

अभिज्ञानशाकुन्तले एव शकुन्तलाया: उपमा योग्य शिष्य: परिदत्ता विद्यमा करोति–

''सुशिष्यापरिदत्ता विद्यैवाशोचनीयसि संवृता''।

2- गृहस्थजीवनविषयक: उपमा-

गृहस्थ जीवनस्य वर्णने कालिदास: निपुणोऽस्ति। कालिदास: अभिज्ञानशाकुन्तले चतुर्थोऽङ्क: शकुन्तलाया: उपमा परधनेन करोति–

अर्थो हि कन्या परकीय एव

तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतु:।

जातो ममायं विशदः प्रकामं

प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।

3- सामाजिकजीवनविषयकः उपमा-

कालिदासस्य सामाजिक जीवनस्य निरीक्षणः अति सूक्ष्म अस्ति। भारतीय समाजे अतिथेः उपमा देवताया इक प्रदत्ता। तथापि अभिज्ञानशाकुन्तले सप्तमं अङ्के राजा दुष्यन्तस्य तुलना कपटेः प्रदत्ता-

''कमलवसितभातृनिर्वृतो मधुकर।

विस्मृतोऽसयेनां कथम्।।''

4- स्वर्गविषयकः गगनविषयकः उपमा-

महाकवि कालिदासः स्व ग्रन्थेषु भू-मण्डलविषयकः स्वर्गगगन विषयक च उपमा प्रस्तुतं करोति। यथा सूर्योदय एवं चद्रास्त वर्णनस्य प्रसंगे-

तेजोद्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्याम्।

लोको नियम्यत् इवात्मदशान्तरेषु।।

पुत्रजन्मस्य उपमा सूर्योदयेन करोति-

''तनयमचिरात् प्राचीवार्क प्रसूय च पावनम्''

5- वनस्पतिविषयकः उपमा-

महाकवि कालिदासः वनस्पति विषयकः उपमा प्रयोगे सिद्ध हस्तः अस्ति। अभिज्ञानशाकुन्तले अनेकानि वनस्पति विषयकाः उपमा अस्ति- ''उन्नमितैकभ्रूलम्''।

कुसुममिव लोभनीवं यौवनमंगेषु सन्नद्धम्''।

''अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै।

अनाविद्धिं रत्न मधुनवमानस्वादितरसम्।।''

गिरिचर इव नागः प्राणसारं विभर्ति''।

एवं प्रकारेण महाकविकालिदासः उपमाप्रसंगे सिद्धहस्त कवि अस्ति।

संस्कृतसाहित्ये कालिदासः समः उपमायाः कोऽपि न वर्णनं करोति।

नित्या सिंह

बी.ए. द्वितीय वर्ष

❑❑❑

विद्या

विद्या धनम् सर्वधनम् प्रधानम्

अस्मिन् संसारे विद्या एव सर्वप्रधान् धनम् अस्ति। विद्याधनं चौरोऽपि चौरयितुं न शक्नोति। अन्यधनं भ्राता किंतु विद्या धनं भ्रातान विभज्यते। धनं दानेन अपक्षीयते, किन्तु विद्या दानेन वर्धते न उक्तम् च्–

न चौरहार्यं न राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि

व्ययेकृते वर्धत एवं नित्यं विद्या धनं सर्वधनं प्रधानम्।

विद्या मनुष्यस्य सम्मानं भवति। विद्वान मनुष्यः सर्वत्र सम्मानं लभते। विद्यावलेन महर्षयः अमृता भवंति अमर पदवीं वा प्राप्नुवन्ति।

उक्तं च– विद्ययाडमृतमश्नुते। सा विद्या या विमुक्तेन विद्या एव स्वतन्त्रतायाः मूलं अस्ति। मानसिकं शारीरिकं च वलं ददाति। विद्यया संसारस्य भागेषु सर्वेषु यज्ञः लभ्यते। अनन्त ज्ञानं ददाति। विद्या बहुविद्या भवन्ति साहित्यं, समीतं, कला, विज्ञानम् इति। विद्या तु निरन्तरम् अभ्यासेन, परिश्रेण ना प्राप्तुं शक्यते। विद्यया मानवस्य बुद्धि विकासः भवति। अस्य कोषः अद्वितीयः भवति।

संयोजति विधैव नीचगापि नरं सरित्।

समुद्रमिन दुर्धर्व नृपं भाग्यमतः परम।

अर्थात्– यथाः अद्यः नदीया नौकाया उपविष्तः पुरुषः दुर्गमसमुर्द्र नीयते, तथैव निम्नजातीयेषु प्राप्तं ज्ञानमपि तं जनं राजानं नयति राज्ञः च मिलित्वा तस्य भाग्यं प्रकाशते।

विद्या जीवनस्य महानं सम्पदः अस्ति।, विद्या एव प्रकाशः यः अज्ञानान्धकारं निवारयति, मनुष्यः विवेकशीलः धर्मशीलः च भवति, आत्मविश्वासकं वर्धयति, यः सफलतायाः मार्गः भवति।

आधुनिक युगे विद्याया अति आवस्यकं आस्ति। विद्या परं दैवतं, परं मित्रं च अस्ति। विदेशेषु अपि विद्या एव बन्धु अस्ति। विद्वासः मनुष्यः सर्वत्र पूज्यते।

अन्यानि धनानि क्षीयमाणानि भवन्ति परन्तु विद्या धनं अक्षयं भवति। विद्या अज्ञानस्य निमिरं दूरीकरोति ज्ञानस्य प्रकाशं प्रसारयति च।

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छनगुप्तं धनम्।

विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरुणां गुरुः।

विद्या बन्धुजनो विदेशगमने विद्या परं दैवतम्।

विद्या राजसु पूज्यते न ही धनं विद्याविद्वीनः पशुः।

अपि च–

येषां न विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।

विद्या सर्वेषां दु:खानां नाशिका भवति। मानसिकं शारीरिकं च विकासः विद्यया कारणम् भवति। विद्यया राष्ट्रस्य विकासः सम्भवति, सर्वे सर्वत्र उन्नति प्राप्नुवन्ति।

अतः सर्वे जना विद्ययाः महत्वं ज्ञात्वा तां आप्तुम् उद्यमं कुर्वन्तु। विद्यया जीवनं सार्थक भवतिः सर्वस्य सुखमं मूले अस्ति। विद्या विना जीवनं न सम्भवति। विद्या धनतुल्या अस्ति इति कथ्यते।

विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रत्वात् धनमाप्नोति, धनाद् धर्मस्ततः सुखम्।

विद्या विनयं ददाति। विद्या गुंणकारी, यशकारी च अति। एतैव विद्या सर्वधनम् प्रधानम्।

सुप्रिया तिवारी

बी.ए. द्वितीय वष

❑❑❑

सुभाषितानि

रुचि मिश्रा

वरिष्ठ शोध अध्येता

सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जया जयौ

ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।।(गी.2/33)

अर्थ- जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख दुःख को समान समझकर, उसके बाद युद्धके लिये तैयार हो जा, इस प्रकार युद्ध करने से तू पाप को नहीं प्राप्त होगा।।6।।

कर्मण्येवाधिकास्ते मा फलेषु कदाचन्।

मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।। (गी.2/47)

अर्थ-

तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मो के फल का हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो ।।7।।

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्

आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थित प्रज्ञस्तदोच्यते।।(गी.2/55)

अर्थ-

मनुष्य जब मन में स्थित सम्पूर्ण विषयवासनाओं को पूर्णरूप से त्याग देता है और आत्मा से आत्मा में ही सन्तुष्ट रहता है (अर्थात् स्वयं के विषय में अपने मन से सन्तुष्ट रहता है।)उस काल में उसे स्थितप्रज्ञ कहते हैं।।55।।

ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते।

सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।।

क्रोधाद्भवति संमोहः समोहत्स्मृतिविभ्रमः।

स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।(गी02/62,63)

विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों के उपभोग में आसक्ति हो जाती हैं। आसक्ति से तृष्णा उत्पन्न होती है, तृष्णा के कारण क्रोध उत्पन्न होता है, क्रोध के कारण अविवेक उत्पन्न होता है अविवेक के कारण स्मृतिभ्रंश (विस्मरण) होता है, स्मृतिभ्रंश के कारण निश्चयात्मक बुद्धि नष्ट हो जाती है, और बुद्धि नष्ट होने पर सर्वनाश हो जाता है।

यद्यदाचरति श्रेष्ठः तन्तदेवेतरो जनः।

स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।(गी03/21)

श्रेष्ठ पुरुष जो जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं। वह (श्रेष्ठ पुरुष) जिस कर्म को करता है, उस कर्म को प्रमाण मानकर समस्त मनुष्यसमुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता हैं।

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।(गी03/35)

अर्थ– अच्छी प्रकार आचरण में लाये हुए दूसरे के धर्म से गुणरहित भी अपना धर्म अति उत्तम हैं। अपनें धर्म में तो मरना भी कल्याणकारक है और दूसरे का धर्म भय को देने वाला है।

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः

ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणधिगच्छति।।(गी04/39।।)

अर्थ– जितेन्द्रिय, साधनपरायण और श्रद्धावान् मनुष्य ज्ञान को प्राप्त होता है तथा ज्ञान को प्राप्त होकर वह अविलम्ब ही भगवत्प्राप्तिरूप परम शान्ति को प्राप्त हो जाता है।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।।(गी06/5)

अर्थ– अपने द्वारा अपना संसार –समुद्र से उद्धार करे और अपने को अधोगति में न डालें, क्योंकि यह मनुष्य स्वयम् ही अपना मित्र हैं और स्वयम् ही अपना शत्रु।

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः

कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्यादेतत्सयं त्यजेत्।।(गी016/21)

अर्थ– काम, क्रोध तथा लोभ– ये तीन प्रकार के नरक के द्वारा आत्मा का नाश करने वाले अर्थात् उसको अधोगति में ले जाने वाले हैं। अतएव इन तीनों को त्याग देना चाहिये।

❑❑❑

कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः

साक्षी पाण्डेय
बी.ए. द्वितीय वर्ष

विलासिनीलासमनोभिरामा, रामार्पितश्रीः श्रितसौकुमार्या।
सालंकृतिर्वाग्वनिता विभाति, श्रीकालिदासस्य कलाकलापैः।।

कालिदासस्य कवित्वम्-

कविकुलगुरु कालिदासस्य विषये प्रसन्नराघवे जयदेवभणितिरेषा। कविता–कामिनीकान्तः कालिदासो न केवलं संस्कृत–वाङ्मयस्य अपितु विश्ववाङ्मयस्य, मुकुटालंकारः। तस्य सूक्ष्मेक्षिका बाह्यजगतोऽन्तर्जगतश्च तत्वजातं साक्षात्कुर्वन्ती सरसपदावल्याम् अनुस्युतां विधन्ते। तस्य कलात्मिका तूलिका नीरसेऽपि सरसताम्, दुर्बोधेऽपि सुबोधताम् आपादयति। तस्य कलात्मिका रुचिः प्रतिपदं संलक्ष्यते। भाषायाम् असाधारणोऽधिकारस्तस्य काव्यं ध्वन्यात्मकं विधन्ते। भावानाम् अगाधता विविधता च काव्या–काशे ऐन्द्रधनुषीम् आभां संचारयति। तस्य भाषारूपा कालिन्दी, भावरूपा भागीरथी, सालंकृतपदावलीरूपा सरस्वती च संगमस्य महनीयं वैभवम् उपस्थापयति।

तस्य शैल्यां भाषासौष्ठवम्, मनोज्ञा भावाभिव्यक्तिः, अलंकाराणां सहजो विन्यासः, बाह्याभ्यन्तर प्रकृतेश्चारुचित्रणम्, रसानां मधुरं परिपाकः, जीवन–दर्शनस्य रुचिरा स्थापना, विविधविद्यानिधानत्वम्, मनोभावानां मार्मिकी अनुभूतिश्च मनोज्ञं मणिकाञ्चन संयोगम् उपस्थापयति। प्रकृत्या सह तादात्म्यानुभूतिस्तस्य काव्यगौरवं समेधयति। तस्य शैल्यां क्वचिद् उपमानां काव्यम्, क्वचिद् अर्थान्तरन्यासस्य गाम्भीर्यम्, क्वचिद् उत्प्रेक्षाणाम् गगनचुम्बित्वम्, क्वचित् प्राञ्जलपदावली–सौकुमार्यम्, क्वचित् प्रसादः, क्वचिद् माधुर्यम्, क्वच्चि कल्पनाभि–रामत्वं दूरीदृश्यते।

तथ्यनिरूपणप्रवणा हार्दिकभावोज्जवला कविता–कामिनी–स्वरूपनिरूपण–परा कालिदास– कृतिः कविताकामिन्या विलासत्वेन गण्यते। कालिदासः स्वकृतिभिः सर्वस्यापि जगतो वन्द्यताम् आपन्नो निर्विवादं स 'कविकुलगुरुः' इति सादरम् उद्घोष्यते।

कालिदासस्य काव्येषु कविताविनिताया नैसर्गिक सौन्दर्यम्, अकृत्रिमा सुषमा, मनोरंम चारुत्वं च प्रतिपदं संलक्ष्यते। विविधरसपरिपाकः, प्राधान्येन श्रृंगारसपरिपाकः, कस्य न कृतिनो भावततिम् उद्बोधयति आविर्भावयति च। प्रेक्ष्यं तावत् शकुन्तलाया अपूर्वम् अलौकिकम् अनाघ्रतम् अनाविद्धं च रम्यत्वम्।

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै-
अनाविद्धं रत्नं मधु नवमनास्वादितरसम्।
अखण्डं पुण्यानां फलमिव च
न जाने भोक्तांर कमिह समुपस्थास्यति विधिः।।

निर्गतासु न वा कस्यः-

कालिदासप्रशस्तिं विरचयता बाणेन सत्यमिदम् उच्यते यत्–'निर्गतासु न वा कस्य, कालिदासस्य सूक्तिषु। प्रीतिर्मधुर–सान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते', कालिदासस्य सूक्तयो मधूराः सरसा मञ्जर्य इव सचेतसां चेतांसि हरन्ति। स यं कमपि विषयम्

आश्रयते तत्रैव चमत्कृतिं रम्यत्व च साधयति। सूर्योदयस्य चन्द्रास्तमयस्य च वर्णनं कस्य विपश्चितो न मनो मोहयति। कालचक्रं सुखदुःख परिवर्तनेन जगद् नियमयति।

यात्ये कतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीना-
माविष्कृतोऽरुणपुरः सर एकतोऽर्कः।
तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां
लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु।।

क इह रघुकारे न रमते-

कालिदासस्य नाट्यकौशले यथा शाकुन्तले संलक्ष्यते, तथैव तस्य कवित्वपरिपाको रघुवंश-महाकाव्ये निरीक्ष्यते। रघुवंशं हि कालिदासस्य मद्विकारसमधुरा, सरसा, सालंकृतिः रसभावसमुज्जवला, उपमाप्रयोगभास्वरा सूर्यवंशज-नपृ-गुणानुवाद-द्युतमती सहृदयहृद्या कृतिः। रघुवंश मेवाश्रिव्य 'कविः कालिदासः' इति भण्यते।

रघुवंशे दीपशिखावर्णनेन स दीपशिखात्वम् अवाप।

इन्दुमती दीपशिखेव यं यं नृपम्

उज्झितवती स स भूमिपालो विषण्णवदनत्वं लेभे।

संचारिणी दीपशिखेव रात्रौ
यं यं यतीयाय पतिंवरा सा।
नरेन्द्रमार्गाद् इव प्रपेदे
विवर्णभावं स स भूमिपालः।।

मेद्ये माघे गतं वयः-

कालिदास-मेघदूतस्य माघकृतशिशुपालवधस्य च मनोज्ञत्वं भावमधुरत्वं वर्णनवैशंद्य श्रृंगारसपरिपाकं चावलोक्य सरसहृदयो भावुकश्च ववस्तित्रैव रमते। अतएवोच्यते- 'मेघे माघे गंत वयः।

मेद्यदूते भावानां गरिमा, विचाराणां महिमा, कल्पनायाः कमनीयता, चेतसो विशदता, भाषायाः प्राञ्जलता, अनुभूति-संवेदनशीलत्वम्, पदावल्या मधुरिमा, विप्रलम्भ-श्रृंगारस्य सात्विकता सघनता च, अलंकाराणाम् ऐन्द्रधनुषी प्रभा, मन्द्राक्रान्तावृत्तस्य मन्थरगतिः, नवपरिधानाया नववध्वा लावण्यमिव प्रस्तौति। सहृदयहृद्यतोहेतोः मेघदूंत निर्विवादं लोकप्रियम्। वैदर्भीरीतिरत्र। अतएव ललित-पदविन्यासस्य, कोमलभावस्य, सरसपदावल्याः, प्रसादगुणस्य च समन्वयः प्राप्यते। निर्विन्ध्याया नद्या वर्णनं कथमिव मेघस्य प्रेयसीरूपेणो-पस्थाप्यते।

वीचिक्षोभस्तनितवहग-श्रेणिकाञ्चीगुणायाः
संसर्पन्त्याः स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः।
निर्विन्ध्यायाः पथि भव रसाभ्यन्तरः संनिपत्य
स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु।।

❑❑❑

JT Family News

2024-25

Jagat Taran Girl's Degree College is a family that celebrates and cherishes its members achievements, additions and glories.

Starting this year, we are initiating a new feature of 'Family News' at the behest of our Principal, Prof. Ashima Ghosh.

Prof. Deepshika Bannerjee of Philosophy Department Superannuated after thirty five of service on 30 June, 2025.

Dr Anjali Shivhare, Assistant Professor, Department of Political Science ties the nuptial knot with Dr Pramthesh Pandey.

Dr Anju Verma, Assistant Professor, Department of Sociology and his wife Mrs. Surbhi were blessed with their second child, Naman.

Dr Sukriti Mishra (Asst. Prof., Hindi) and Dr Anurag Pandey (Asst. Prof., Philosophy) were blessed with their second son, Madhav.

Dr Roopam Mishra (Asst. Prof., Political Science) and her husband
Mr Vivekanand Pathak were blessed with a daughter, Shivakshi.

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज

(इलाहाबाद विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय)

Design by : Krishna Computer Sansthan, 63/59, Mori, Daraganj, Prayagraj (U.P.) # 9450407739